<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों का नामी कम्पनी में चयन

पंतनगर। 23 अगस्त 2022। विश्वविद्यालय के सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय के प्रयासों से विद्यार्थियों का नामी कम्पनियों में चयन हो रहा है। इसी श्रृंखला में मैं मैक्केन फूड्स लिमिटेड पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कम्पनी है। यह कम्पनी अहमदाबाद, गुजरात में आलू प्रसंस्करण कारखाना संचालित करती है। इस कारोबार को आगे बढ़ाने के लिए विश्वविद्यालय के सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय के माध्यम से एक विद्यार्थी अवंतिका नेगी, एमएस.सी. (मृदा विज्ञान) का चयन किया गया। चयनित विद्यार्थी को प्रशिक्षण के उपरान्त प्रतिवर्ष वित्तीय पैकेज लगभग रू. 7 से 8 लाख तथा अन्य सुविधाएं देय होंगी।

इसी क्रम में M/S Tatva (Knowledge Centre), एक रासायनिक निर्माण कंपनी है जो संरचना निर्देशन एजेंट (एसडीए), चरण हस्तारण उत्प्रेरक (पीटीसी), फार्मास्युटिकल और एग्रोकेमिकल इंटरमीडिएट और अन्य विशेष रसायनों का निर्माण करती है। यह कंपनी उद्य ोगों, जैसे ऑटोमोटिव, पेट्रोलियम, एग्रोकेमिकल्स, डाई और पिगमेंट, पेंट और कोटिंग्स, फॉर्मास्युटिकल, पर्सनल केयर और अन्य में ग्राहकों को सेवा प्रदान करती है तथा इस कार्य को आगे बढ़ाने के लिए विश्वविद्यालय के सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय के माध्यम से एक विद्यार्थी हिमानी पुरोहित, एमएस.सी. (एक्सटेंशन एण्ड कम्यूनिकेशन) का चयन किया गया। चयनित विद्यार्थी को प्रशिक्षण के उपरान्त प्रतिवर्ष वित्तीय पैकेज लगभग रू. 3.6 लाख तथा अन्य सुविधाएं देय होंगी।

विश्वविद्यालय के कुलपति, डा. ए.के. शुक्ला ने सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय के प्रयासों की सराहना की तथा चयनित विद्य ार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। सेवायोजन एवं परामर्श निदेशक, डा. दीपा विनय ने चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार अन्य क्षेत्रों में यह निदेशालय प्रयासरत है तथा अधिक से अधिक विद्यार्थियों की सफलता की कामना करता है।

(1) अवंतिका नेगी

(2) हमानी पुरोहित